खण्ड-10, अंक-1, वर्ष-2022, मु0प्र0 160-162
D.O.I.: https://doi.org/10.22445/avsp.v10i1.26
SJIF (2021) : 7.247



# Monkey Pox-symptoms, cases and treatment

D. K. Awasthi[1] and N. K. Awasthi[2]
[1]Department of Chemistry, S.J.N.M. P.G. College, Lucknow-226 001, U.P., India
[2]Department of Chemistry, B.S.N.V. P.G. College, Lucknow-226 001, U.P., India
dkawasthi5@gmail.com, narendraawasthi0@gmail.com

**Received: 21-06-2022, Accepted: 12-10-2022**

**Abstract-** Monkey pox is a viral deceased its symptoms are similar to chicken pox, cow pox, Horse Pox and camel pox. Its transmission takes place through animal to human community its symptoms appears after 8 to 10 days as blister, pustule, High Fever, it is another viral deceased during Covid-19 it was shown first 1958 in monkeys. Monkey pocks transmitted case was first discovered 1970 this virus was discovered first in 1958 in State Serum Institute in colony of Cynomologas monkeys in Copenhagen. It belongs to Orthopox virus genus. Its infection symptoms are high fever, Severe Headache, Back Pain, Myalgia and Severe weakness. It generally effect the face, palms and soles of the feet it has no vaccine only protection is the remedy.

**Key words-** Ortho Pox, Cynomologas Myalgia, pustules.

# मंकीपॉक्स–लक्षण, कारण एवं निराकरण

डी0 के0 अवस्थी[1] एवं एन0 के0 अवस्थी[2]
[1]रसायन विज्ञान विभाग, एस0जे0एन0एम0 पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ–226 001, उ0प्र0, भारत
[2]रसायन विज्ञान विभाग, बी0एस0एन0वी0 पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ–226 001, उ0प्र0, भारत
dkawasthi5@gmail.com, narendraawasthi0@gmail.com

**सार**– मंकीपॉक्स एक वायरल रोग है इसके लक्षण चिकनपॉक्स, काऊपॉक्स, कैमेलपॉक्स और हार्सपॉक्स की तरह होते है। इसका संक्रमण जानवरों द्वारा मनुष्यो में होता है इसमें आठ व दस दिन के बाद शरीर पर चिकनपॉक्स की तरह दाने नजर आने लगते हैं। यह कोविड–19 के बीच एक प्रकार का वायरल रोग है यह 1958 में सर्वप्रथम बंदरों में पाया गया था इसलिए इसे मंकीपार्क्स कहते है मंकीपॉक्स संक्रमण का पहला केस 1970 में पता चला था मंकीपॉक्स वायरस की पहचान पहली बार 1958 में कोपेनहेगन में स्टेट सिरम इंस्टीट्यूट में आयोजित सिनामोलोगस बंदरों के समूह में हुई थी। यह वायरस आर्थोपॉक्स वायरस की प्रजाति का है इसके लक्षण तेज बुखार, तेज सिरदर्द, लिम्फनोड्स की सूजन, पीठ दर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान जैसे होते है यह चेहरे और हाथों की हथेलियों और पैरों के तलवों को अधिक प्रभावित करता है इसके लिए कोई भी टीका नहीं है, इसमें केवल बचाव किया जा सकता है।

**बीज शब्द**– आर्थोपॉक्स, सिनामोलोगस मायलगिया, पॉक्स

1. **मंकीपॉक्स क्या है?** मंकीपॉक्स एक वायरल बीमारी है यह जानवरों के द्वारा मनुष्यों में फैलती है मंकीपॉक्स का वायरस डबल स्ट्रैंड डी0एन0ए0 वायरस है यह वायरस पॉक्स वीरिडी में आर्थोपॉक्स वायरस जीनस का सदस्य है यह वायरस मुख्य तौर पर सेन्ट्रल और पश्चिमी अफ्रीका के पास ट्रौपिकल रेनफारेस्ट में पाया जाता है यह वायरस प्रायः अफ्रीका के कुछ भागों में संक्रमित जगंली जानवरों में पाया गया था। 1958 में इस वायरस की खोज एक बंदर में हुई थी[1,2]। विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिकार्ड के अनुसार 1970 के बाद से कांगोबेसिन के ग्रामीण वर्षा वन क्षेत्रों, विशेष रुप से कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में मंकीपॉक्स के अधिकांश मामले सामने आये है मंकीपॉक्स एक फैलने वाली बीमारी है यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैल जाती है मंकीपॉक्स किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के निकट संपर्क के माध्यम से, दूषित सामग्री के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है ऐसा माना जाता है कि कई जानवरों की प्रजातियां मंकीपॉक्स वायरस की जिम्मेदार मानी जाती है इसमें रस्सी गिलेहरी, पेड़ गिलेहरी, गैम्बिया पाउच वाले चूहे, डर्मिस, गैर मानव प्राइमेट और अन्य प्रजातियां शामिल हैं[3,4,5]। मंकीपॉक्स निकट शारीरिक सम्पर्क में आने पर होता है जबकि कोविड–19 हवाई संचरण और छोटी बूंदो के गुजरने से होता है यह रोग घावों, शरीर के तरल पदार्थ श्वसन बूंदों और दूषित सामग्री के जैसे बिस्तर के माध्यम से फैलता है। इसके लक्षण वायरस चेचक के समान दिखते हैं[6,7]।

2. **लक्षण**– मंकीपॉक्स से संक्रमित हो जाने पर इसके लक्षण 5 से 21 दिनों के बीच नजर आते हैं इनमें तेज बुखार लिम्फनोड्स की सूजन,

पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द और अधिक थकान होते है इसके दाने पहले चेचक की तरह दिखते है और बाद में त्वचा का फटना बुखार आने के बाद दिखने लगते है। आमतौर पर 1 से 5 दिन बाद चेहरे पर दाने दिखाई देने लगते है यह दाने चिकनपॉक्स के दानो से भ्रमित करते है क्योंकि इन उभरे हुए दानों में जो तरल पदार्थ से भरे होते है छोटी पपड़ी में बदल जाते है मंकीपॉक्स वायरस के लक्षणों को दो अवधियों में वर्गीकृत किया जा सकता है[8,9]। पहली अवधि– आक्रमण अवधि और दूसरी अवधि त्वचा पर चकत्ते वाली। मंकीपॉक्स की ऊष्मायन अवधि प्रायः 5 से 13 दिनो की होती है यह अवधि संक्रमण के बीच की अवधि है। जब किसी व्यक्ति में लक्षण दिखाई देने लगते है। 5 दिनों के भीतर आक्रमण अवधि होती है इसमें रोगी को बुखार, सिरदर्द, लिम्फनोड्स की सूजन, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, एक तीव्र आस्टेनिया (ऊर्जा की कमी) का अनुभव होता है।

3. **चकत्ते अवधि**– इस अवधि में एक सपाट आधार वाले घाव से थोड़ा उभरे हुए फर्म घाव (पपल्स), वैसिकल्स (स्पष्ट तरल पदार्थ से भरे घाव) पस्ट्यूल (पीले रंग के तरल पदार्थ से भरे घाव) और कृष्ट जो सूख जाते हैं और गिर जाते हैं और फिर क्रमिक रूप से विकसित होते है। यू0के0 में जिस व्यक्ति में मंकीपॉक्स के लक्षण पाये गये उसको बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, सूजन लिम्फनोड्स, ठंड लगना और थकावट दिख रही थी[10–14]।

4. **बचाव**– मंकीपॉक्स का अब तक कोई निश्चित उपचार उपलब्ध नहीं है और न तो इसका कोई टीका है विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्मालपॉक्स का टीका लगभग 85 प्रतिशत कारगर सिद्ध हुआ है। मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित मरीज के पास न जाये, मंकीपॉक्स को देखभाल करते समय पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेन्ट का प्रयोग करें अगर इसका लक्षण दिखे तो डॉक्टर से सम्पर्क करें नियमित रूप से हाथों को धोयें और मास्क का प्रयोग करें[12, 13]।

5. **भारतीय परिप्रेक्ष्य में**–[15] अगस्त 2022 के प्रथम सप्ताह में भारत में पहली मृत्यु की पुष्टि हुई। संयुक्त अरब अमीरात से केरल राज्य में आये एक व्यक्ति की मंकीपॉक्स वायरस के कारण मृत्यु हुई थी। तत्पश्चात् भारत सरकार ने मंकीपॉक्स के मामलों पर निगरानी रखने और उसकी रोकथाम के लिए एक टास्कफोर्स का गठन किया है। मंकीपॉक्स वायरस के कारण मृत्य का यह एशिया का पहला मामला है। इसको मिलाकर पूरे विश्व में अगस्त के प्रथम सप्ताह तक इस रोग से कुल चार लोगों की मृत्यु हुई है। इसमें स्पेन में दो और ब्राजील में एक मृत्यु सम्मिलित है। अबतक 78 देशों में इसके 18,000 से अधिक मामले मिल चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसको लेकर 23 जुलाई को वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की थी। भारत में मंकीपॉक्स वायरस का दूसरा मामला दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में पाया गया।

6. **निष्कर्ष**– मंकीपॉक्स एक वायरल बीमारी है, इसका वायरस पॉक्स विरिडे में आर्थोपॉक्स वायरस जीनस का सदस्य है यह वायरस चेचक, कैमेलपॉक्स, काऊपॉक्स तथा हार्सपॉक्स वायरल बीमारी से सम्बन्धित है। इस वायरल बीमारी में चेचक की तरह चेहरे, हाथों व तलवों में दाने उभर आते है। इसका अभी तक कोई टीका नहीं है परन्तु 85 प्रतिशत स्मालपॉक्स का टीका लाभप्रद सिद्ध हुआ है। मंकीपॉक्स मरीजों के सम्पर्क में आने से बचे।

## References


1. World Health origination the Global eradication of Small Pocks final report of global commission for the certification of small pocks eradication Geneva, World Health organization 1979 December.
2. Sklenovsk, N. Ranstm (2018) Emergence of Money Pocks as the most important Ortho Pocks virus infection in Humans, Front Public Health, vol. 6, p. 241.
3. World Health organization Monkey Pocks Singapore with Disease out break views 2019 May.
4. Giulio,D. B. andEckburg,P. B. (2004) Human monkey pocks: an emerging Zonis Lancet infect Dis 2004 January, vol. 4, no. 1, pp. 15-25.
5. Magrius, P.;Andirsen, E. K.; Petersen, K. B., etal. (1959) A pocks like disease in cynomoglus monkey ActaPatholMicrobiolscand, vol. 45, no. 2, pp.156-176.
6. Orba, Y.; Sasaki, M.; Yamaguchi, H. etal. (2015) Ortho Pocks virus infection among wild life in Zambia Virol., vol. 96, pp. 390-394.
7. Yinka- ogunleys, A.;Aruna, O.;Dalhat, M. etal. (2019) Article outbreak of human monkey pocks in Nigenia in 2017-18, aclinical and epidemiological report, Lancet Infect Dis., vol. 18, pp. 872-879.
8. Vaughan, A.;Aarans, E.;Astbury, J., etal. (2018) Thus cases monkey pocks imported to the United Kingdom. Euro surveillance, vol.23, no. 38, 1800509.
9. Likos, Am;Sammens, S. A.; Olson, V. A., etal. (2005) A tale of two clades, Monkey pocks viruse, Genvirol, vol. 86, pp. 2661- 2672.

10. Monkey Pocks : Emerging and Re-emerging threats in Nigeria scholar google.com retrieved 2022-06-07.
11. Meyer, H.;Mathilde,Perrichot; Markus, Stemmler; Petra,Emmerich; Herbert, Schmitz; Francis Varaine; Robert,Shungu;Florimend,Ishioko; Pierre for Menty (2002) Outbreak of disease suspected of being but to Human Monkey Pocks virus infection in the Democratic Republic of Congo in 2001, Journal of Clinical Micropriology, vol. 40, no. 8, pp. 2019- 2021.
12. https://WWW.zeebiz.com 02 June 2022
13. https://WWW./ Jagran.com 7 new 21 May 2022.
14. https://WWW.navbharattime.Indiatimes.com 22 May 2022.
15. First Death in India by Monkey Pox, Hindi Daily News Paper-DainikJagran,Desh-Videsh, Dated: 02-08-2022, P. 14, www.jagran.com